BSNV POST GRADUATE COLLEGE (KKV)
UNIVERSITY OF LUCKNOW

STATION ROAD, CHARBAGH, LUCKNOW, UTTAR PRADESH-226001

DEPARTMENT OF PHYSICS

PROF. ARVIND KUMAR TIWARI
HEAD
EMAIL: tiwariarvind1@rediffmail.com
MOB. NO.: 0522-2635513

DATE: 19/10//2023

चुनौतियों से जुझकर ही सफलता प्राप्त होती है - डॉ समीक्षा सिकरवार

बप्पा श्री वोकेशनल पीजी कॉलेज के भौतिक विभाग द्वारा उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान में अवसर और चुनौतियां विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन दिनांक 19 अक्टूबर को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केरल त्रिशूर के रिसर्च इंस्टीट्यूट की रिसर्च साइंटिस्ट डाॅ. समीक्षा सिकरवार द्वारा यह व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्र, भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार तिवारी, शिक्षक प्रोफेसर राम कुमार, डॉक्टर उपकार कुमार वर्मा, डॉक्टर अखिलेश कुमार चौधरी, डॉक्टर शिवानी, श्री आनंद माथुर एवं श्री पंकज मिश्र उपस्थित रहे। बी0 एस-सी0 पांचवें सेमेस्टर के शशि कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर समीक्षा जी का परिचय सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित शिक्षकों से करवाया। भौतिक विभाग के शिक्षक प्रोफेसर राम कुमार जी ने उनका स्वागत किया। इस व्याख्यान के अंतर्गत डाॅ समीक्षा जी ने छात्र-छात्राओं के लिए भविष्य में क्या सुअवसर हैं व इन तक पहुंचने के लिए किस प्रकार की तैयारी की आवश्यकता है इन पर प्रकाश डाला। इस व्याख्यान के अंतर्गत उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को यह बताया कि वह किस प्रकार से अपना अध्ययन करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं की कई जिज्ञासाओं का समाधान किया और छात्र-छात्राओं ने उनसे अपने मन में उठने वाले विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जो कि उनके भविष्य की दिशा को निर्देशित करने में सहायक होंगे। अंत में भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरविंद कुमार तिवारी जी ने डॉक्टर समीक्षा जी को एक पौधा देकर सम्मानित किया। बी0 एस-सी0 पांचवें सेमेस्टर की छात्रा मानसी विश्वकर्मा ने कार्यक्रम के अंत में मुख्यवक्ता के साथ कार्यक्रम में उपस्थित सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

DEPARTMENT OF PHYSICS

(HEAD)
DEPARTMENT OF PHYSICS